Exam - 2026

# कक्षा 10वीं परीक्षा

## SOCIAL SCIENCE

## 60 लघु उत्तरीय प्रश्न

## परीक्षा में 100% आयेगा



# 10th परीक्षा - 2026

# CRASH COURSE

1 Nov

## Admission open

# मात्र 199 में





मैट्रिक परीक्षा 2026
Feature
Science
Social Science
Math
Urdu/Hindi
Sanskrit/Hindi
English
8210423200
जुनून बैच
₹999/-
₹ 399

# History vvi Subjective

1. रूसी क्रांति के दो कारणों का वर्णन करें। उत्तर: रूसी क्रांति के दो प्रमुख कारण थे:

(i) निरंकुश शासन: जारशाही की निरंकुशता, जिसके तहत विरोधियों को कठोर दंड दिया जाता था, और लोगों को कोई स्वतंत्रता नहीं थी।

(ii) किसानों और मज़दूरों की दयनीय स्थिति: समाज के बहुसंख्यक किसान और श्रमिक शोषण के शिकार थे। इससे वे जारशाही के विरोधी बन गए।

कब = 1917

## 2. इटली के एकीकरण में ऑस्ट्रिया की भूमिका क्या थी?

उत्तर: इटली का एकीकरण ऑस्ट्रिया को हटाने की शर्त पर हुआ। ऑस्ट्रिया का इटली और जर्मनी के प्रांतों पर अधिपत्य और हस्तक्षेप था। ऑस्ट्रिया को बाहर किए बिना दोनों देशों का एकीकरण असंभव था, इसलिए दोनों राष्ट्रों को उसे निकालने के लिए विदेशी सहायता लेनी पड़ी।

## 3. हो-ची-मिन्ह का संक्षिप्त परिचय दें।

उत्तर: हो ची मिन्ह वियतनामी स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे, जो साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित थे। उन्होंने 1925 में 'वियतनामी क्रांतिकारी दल' की स्थापना की और 1945 में लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना की। वे जीवन पर्यंत वियतनाम की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए संघर्षरत रहे।

स्वतंत्र → 1975

**4. डांडी यात्रा का क्या उद्देश्य था?**

उत्तर: डांडी यात्रा की शुरूआत 12 मार्च, 1930 को नमक कानून तोड़ने के उद्देश्य से की गई थी। गाँधीजी इस कानून को अन्याय समझते थे। उन्होंने 6 अप्रैल को डांडी पहुँचकर समुद्र के पानी से नमक बनाकर कानून भंग किया, जिसके परिणामस्वरूप सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ।

## 5. चंपारण सत्याग्रह का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

उत्तर: भारत में सत्याग्रह का पहला प्रयोग महात्मा गाँधी ने अप्रैल 1917 में चंपारण में किया। इसका कारण नीलहे बागवान मालिकों का किसानों पर अत्याचार था, जो उन्हें तिनकठिया प्रणाली के तहत ज़मीन के 3/20 भाग पर नील की खेती करने के लिए बाध्य करते थे। 1918 में 'चंपारण एग्रेरियन कानून' द्वारा यह प्रणाली समाप्त की गई।

$\frac{3}{20}$

## 6. असहयोग आंदोलन प्रथम जन आंदोलन था।

1920

उत्तर: महात्मा गाँधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन भारत का प्रथम जन-आंदोलन था। इसे असहयोग और बहिष्कार से शुरू किया गया। इसमें शहरी, मध्यम वर्ग के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों, आदिवासियों और श्रमिकों का व्यापक समर्थन मिला। लोगों ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया, जिसके कारण इसका जन-आधार बहुत मज़बूत था।

7. न्यू डील से आप क्या समझते हैं?

उत्तर: न्यू डील अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूज़वेल्ट द्वारा 1932 में अपनाई गई नई आर्थिक नीति थी। इसका उद्देश्य आर्थिक मंदी के प्रभावों को समाप्त करना और नियंत्रित करना था। इसके तहत जन-कल्याण की व्यापक योजना के अंतर्गत आर्थिक, राजनीतिक, और प्रशासनिक नीतियों को ठीक करने का प्रयास किया गया।

## ८. पांडुलिपि क्या है? इसकी क्या उपयोगिता है?

उत्तर: छपाखाना (printing press) से पहले, भोजपत्र या हाथ से बने कागज़ पर, सुंदर अक्षरों में हाथ से लिखकर पुस्तकें तैयार की जाती थी, जिसे पांडुलिपि कहा जाता था। इनका उपयोग संस्कृत, पाली, प्राकृत, क्षेत्रीय भाषाओं, अरबी और फ़ारसी जैसी अनेक भाषाओं में महत्वपूर्ण ग्रंथों को तैयार करने के लिए किया गया।

## 9. भूमंडलीकरण किसे कहते हैं?

उत्तर: भूमंडलीकरण (Globalization) वह प्रक्रिया है जो राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक जीवन को विश्व स्तर पर जोड़ने का प्रयास करती है। इसका उद्देश्य विश्व के विभिन्न भागों के लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को आपस में जोड़कर एकीकृत करना है।

## 10. औद्योगिक क्रांति क्या है?

उत्तर: औद्योगिक क्रांति वह प्रक्रिया थी जिसके द्वारा 18वीं शताब्दी के बाद उत्पादन की पद्धति बदल गई। इसमें उत्पादन में नई तकनीक और मशीनों का व्यवहार आरंभ हुआ। मानव श्रम के स्थान पर मशीन उत्पादन का काम करने लगी। उत्पादन की यह नई प्रक्रिया ही औद्योगिक क्रांति कहलाती है।

## 11. अक्टूबर क्रांति क्या है?

उत्तर: अक्टूबर क्रांति 7 अक्टूबर, 1917 को हुई थी, जब बोल्शेविकों ने पेत्रोग्राद के स्टेशनों, बैंकों और सरकारी भवनों पर अधिकार कर लिया। इसके परिणामस्वरूप केरेन्स्की भाग गया और शासन की बागडोर लेनिन की अध्यक्षता में बोल्शेविकों के हाथों में आ गई। इसे ही बोल्शेविक क्रांति भी कहा जाता है।

# Political Science vvi Subjective

## 1. धर्मनिरपेक्ष राज्य से क्या समझते हैं?

उत्तर: धर्मनिरपेक्ष राज्य वह है जिसमें किसी भी धर्म को विशेष प्राथमिकता नहीं दी जाती है। बल्कि, सभी धर्मों को समान आदर और समान अधिकार प्राप्त होते हैं। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य का उदाहरण है, जहाँ सरकार सभी धर्मों के साथ तटस्थता का व्यवहार करती है।

## 2. सत्ता की साझेदारी का क्या अर्थ है?

उत्तर: सत्ता की साझेदारी (Power Sharing) ऐसी शासन व्यवस्था है जिसमें समाज के प्रत्येक समूह की भागीदारी होती है। यह लोकतंत्र का मूलमंत्र है। इसके द्वारा लोकतांत्रिक सरकार में प्रत्येक नागरिक की हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाती है, जो भागीदारी के माध्यम से संभव हो पाती है।

## 3. पंचायती राज क्या है?

उत्तर: पंचायती राज ऐसी व्यवस्था है जिसके अंतर्गत सत्ता और प्रशासनिक शक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है। इसमें शक्ति का विकेंद्रीकरण किया जाता है। इसका उद्देश्य है कि विकास योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक, यानी सभी क्षेत्रों तक, पहुँच सके।

## 4. समवर्ती सूची क्या है?

उत्तर: समवर्ती सूची शक्ति के बँटवारे के लिए निर्मित तीन सूचियों में से एक है। इसके विषयों पर केंद्र और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं। लेकिन विरोध की स्थिति में, केंद्रीय कानून ही प्रभावी होता है। इस सूची में वर्तमान में 47 विषय शामिल हैं।

केंद्र सूची ✓
राज्य सूची ✓

## 5. संघ राज्य का अर्थ बताएँ।

उत्तर: संघ राज्य तब कहलाता है जब किसी देश में शासन चलाने के लिए दूसरे स्तर पर सरकार का गठन किया जाता है। इसमें सबसे ऊपर केंद्र सरकार और नीचे राज्य सरकारें होती हैं। एक लिखित संविधान के द्वारा दोनों स्तर की सरकारों के बीच शक्तियों का बँटवारा किया जाता है।

**6. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के विषय में लिखें।**

उत्तर: भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इसके अंतर्गत बोलने की स्वतंत्रता, शांतिपूर्वक सभा करने की स्वतंत्रता, संघ बनाने की स्वतंत्रता, देश में आवागमन की स्वतंत्रता, निवास करने की स्वतंत्रता, तथा कोई भी व्यापार करने की स्वतंत्रता शामिल है।

## 7. दल-बदल कानून क्या है?

उत्तर: दल-बदल तब होता है जब कोई सांसद या विधायक एक दल से चुनाव जीतने के बाद उसे छोड़कर दूसरे दल में चला जाता है। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए 1985 और 2003 में संविधान संशोधन कर दल-बदल कानून बनाया गया। इस कानून के तहत दल-बदल करने वाले सदस्य को सदन का सदस्य होने के अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।

**8. नारी सशक्तिकरण से आपका अभिप्राय क्या है?**

उत्तर: नारी सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उन्हें प्रभावित करने वाले आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और पारिवारिक मामलों में नीति निर्माण की प्रक्रिया में भागीदारी प्रदान करना। भारत सरकार ने 2000 में इसकी नई नीति की घोषणा की, और महिलाओं को पंचायतों और नगरपालिकाओं में 50% आरक्षण दिया गया है।

**9. राजनीतिक दल को 'लोकतंत्र का प्राण' क्यों कहा जाता है?**

उत्तर: राजनीतिक दल के बिना लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। ये चुनावों में भाग लेते हैं और सरकार का निर्माण करते हैं। ये जनता को राजनीतिक प्रशिक्षण देते हैं, और विपक्षी पार्टी सरकार की गलत नीतियों की आलोचना करके सही रास्ता दिखाने का काम करती है। इसलिए राजनीतिक दलों को 'लोकतंत्र का प्राण' कहा जाता है।

## 10. चिपको आंदोलन के मुख्य उद्देश्य क्या थे?

उत्तर: चिपको आंदोलन के प्रमुख उद्देश्य थे: वन संपदा की सुरक्षा और वन जीवन की सुरक्षा। इसका एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य था मिल मालिकों के शोषण से मुक्ति और प्राकृतिक साधनों पर स्थानीय निवासियों का नियंत्रण स्थापित करना।

## 11. लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का क्या अर्थ है?

उत्तर: लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का अर्थ है सरकार द्वारा निर्मित योजनाओं को स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं द्वारा चलाने का प्रयास करना। इससे स्थानीय नागरिकों को शासन कार्य में भाग लेने का अधिक अवसर प्राप्त होता है। यह शक्ति का नीचे के स्तर तक बँटवारा है।

**12. लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा, तथा जनता के लिए शासन है। कैसे?**

उत्तर: लोकतंत्र में जनता ही अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है। चुने हुए प्रतिनिधि जनता के लिए काम करते हैं और अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि जनता अपनी भलाई के लिए ही उन प्रतिनिधियों को अपने ऊपर शासन करने के लिए चुनती है।

## 13. भारत को गणतंत्र क्यों कहा जाता है?

उत्तर: भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को गणतंत्र घोषित किया गया है। इसका मतलब है कि देश में किसी राजा का शासन नहीं होगा। बल्कि, देश का शासक राष्ट्रपति होगा, जिसे जनता द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से एक निश्चित समय के लिए चुना जाएगा।

# Geography vvi Subjective

## 1. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है?

उत्तर: पृथ्वी पर कुछ प्राकृतिक संसाधन सीमित मात्रा में हैं। यदि इनका उपयोग आवश्यकता से अधिक किया जाएगा तो वे जल्द ही समाप्त हो जाएँगे, और समाप्त होने के बाद इनका पुनः निर्माण नहीं हो पाएगा। इसलिए, भविष्य की पीढ़ियों के लिए इन संसाधनों का संरक्षण बहुत आवश्यक है।

## 2. पर्यावरण के लिए वन क्यों महत्वपूर्ण हैं?

उत्तर: पर्यावरण के लिए वन बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह भूमि जल का अवशोषण करके बाढ़ को रोकते हैं और अच्छी वर्षा भी कराते हैं। वन वन्य प्राणियों को आश्रय देते हैं और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में योगदान देते हैं, जिससे जीव मंडल में जीवों और जलवायु में संतुलन बना रहता है।

## 3. नदी घाटी परियोजना के मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

उत्तर: नदी घाटी परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य नदी घाटियों से जुड़ी समस्याओं को एकीकृत रूप से हल करना है। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं: बाढ़ नियंत्रण, मृदा अपरदन पर रोक, सिंचाई और पीने के लिए पानी, जल विद्युत उत्पादन, और अंतःस्थलीय जल परिवहन की सुविधा।

**4. परंपरागत और गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोतों में अंतर बताइये।**

उत्तर: परंपरागत ऊर्जा स्रोत समाप्त हो जाने वाले (non-renewable) होते हैं, जैसे: कोयला, पेट्रोलियम। इनका उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से करना चाहिए। जबकि गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत नवीकरणीय (renewable) होते हैं, जैसे: सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा। इनका उत्पादन और उपयोग आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

5. सार्वजनिक और निजी उद्योगों में अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर: सार्वजनिक उद्योग वह है जिनका संचालन और नियंत्रण सरकार या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति के हाथों में होता है, जैसे बोकारो लोहा-इस्पात उद्योग। जबकि निजी उद्योग का स्वामित्व और नियंत्रण किसी निजी व्यक्ति के हाथों में होता है, जैसे टाटा उद्योग या गोदरेज उद्योग।

6. उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं?

उत्तर: उदारीकरण का अर्थ है सरकारी नियंत्रणों में ढील देना या हटा लेना जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। निजीकरण का अर्थ है सरकारी हस्तक्षेप की जगह निजी क्षेत्र को महत्व देना। और वैश्वीकरण का अर्थ है देश की अर्थव्यवस्था को अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ना।

**7. बिहार में वन विनाश/अभाव के दो प्रमुख कारकों को लिखें।**

उत्तर: बिहार में वन विनाश के दो प्रमुख कारक हैं:

(i) बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए कृषि भूमि का विस्तार, मानव अधिवास क्षेत्रों का विकास, और ईंधन के लिए लकड़ी की आवश्यकता।

(ii) मानव का हस्तक्षेप और कुछ नदियों द्वारा तीव्र मार्ग परिवर्तन, जिसके कारण वन नष्ट होते हैं।

## ४. नकदी फसल और रोपण फसल में क्या अंतर है?

उत्तर: नकदी फसल छोटे या बड़े भूखंड पर अधिक मुद्रा की प्राप्ति के उद्देश्य से उगाई जाती है, जैसे: तंबाकू, मसाला। रोपण फसल भी एक प्रकार की व्यापारिक कृषि है। इसे बड़े-बड़े फार्मों में मैनेजर और मज़दूरों की व्यवस्था के साथ, आधुनिक तकनीक से किया जाता है।

**9. हरित क्रांति से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर: हरित क्रांति 1960 के दशक में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में हुई एक क्रांति थी। इसने भारत को कृषि के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। इसके जनक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन थे। इसमें उत्तम बीजों और खाद का उपयोग किया गया, जिससे गेहूँ का उत्पादन सर्वाधिक हुआ।

**10. परमाणु शक्ति किन-किन खनिजों से प्राप्त होती है?**

उत्तर: परमाणु शक्ति (Nuclear Power) निम्नलिखित खनिजों से प्राप्त होती है: यूरेनियम और थोरियम इसके प्रमुख स्रोत हैं। इसके अलावा नियोबियम, टेंटेलस, बेरिलियम, लिथियम, विलम, ज़िरकोनियन, आदि अन्य खनिजों से भी इसे प्राप्त किया जाता है।

## 11. खनिज को परिभाषित कीजिये।

उत्तर: खनिज प्रकृति में स्वतः पाए जाने वाले ऐसे पदार्थ हैं, जिनकी एक निश्चित आंतरिक संरचना होती है। ये चट्टानों में अयस्क के रूप में पाए जाते हैं। इनकी उत्पत्ति पृथ्वी के अंदर विभिन्न भू-वैज्ञानिक प्रक्रियाओं द्वारा होती है। खनिज एक प्राकृतिक और अनवीकरणीय संसाधन है।

12. सड़क परिवहन के कोई चार गुण बताइये।

उत्तर: सड़क परिवहन के चार प्रमुख गुण हैं:

(i) छोटी दूरियाँ आसानी से तय की जा सकती हैं।

(ii) शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्रियों को तुरंत पहुँचाया जा सकता है।

(iii) वस्तुओं को उपभोक्ता के घर तक सीधे पहुँचाना संभव है।

(iv) यह रेल मार्ग के लिए सहायक मार्ग (संपर्क मार्ग) के रूप में कार्य करता है।

**13. बिहार में जूट उद्योग पर टिप्पणी लिखें।**

उत्तर: बिहार के उत्तरी-पूर्वी भागों में जूट उद्योग के विकास के लिए आदर्श दशाएँ हैं, जैसे: अधिक वर्षा, उच्च आर्द्रता, और जलोढ़ मिट्टी। पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, आदि ज़िले जूट उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। कटिहार जूट मिल्स लिमिटेड और समस्तीपुर की रामेश्वर जूट मिल्स यहाँ के विशेष उल्लेखनीय उद्योग हैं।

**14. समुच्च रेखा से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर: समुच्च रेखा (Contour Line) समुद्र की सतह के समान ऊँचाई वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा कहलाती है। इसे स्थलाकृति के रूप में दर्शाया जाता है। भिन्न-भिन्न ऊँचाई के लिए अलग-अलग प्रारूप की रेखाएँ खींची जाती हैं, जो स्थल की ढलान और आकार को दर्शाती हैं।

# Econoics vvi Subjective

P / 14

Social link

Update

## 1. मिश्रित अर्थव्यवस्था क्या है ?

उत्तर :- मिश्रित अर्थव्यवस्था पूँजीवाद एवं समाजवाद इन दोनों अर्थव्यवस्था के बीच का मार्ग है। इस प्रकार की अर्थव्यवस्था निजी उद्यम तथा सरकार दोनों के द्वारा संचालित होती है। इसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था के कुछ महत्त्वपूर्ण क्षेत्र सरकार के अधीन होते हैं तथा शेष क्षेत्र निजी उद्यम के हाथ में दिए जाते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था मिश्रित अर्थव्यवस्था का उदाहरण है।

## 2. सहकारिता से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर :- सहकारिता का अर्थ है एक साथ मिल - जुलकर कार्य करना। लेकिन अर्थशास्त्र में सहकारिता की परिभाषा इस प्रकार है- " सहकारिता वह संगठन है जिनके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्वक मिल - जुलकर समान स्तर पर आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं।

## 3. उदारीकरण को परिभाषित करें।

उत्तर :- उदारीकरण का अर्थ है सरकार द्वारा बनाई गई आर्थिक नीतियों में छूट प्रदान करना। इसके अन्तर्गत अनावश्यक नियंत्रणों एवं प्रतिबंधों जैसे परमिट , लाइसेंस , कोटा आदि को हटाना।

## 4. आर्थिक आधारभूत संरचना का क्या महत्त्व है ?

उत्तर :- आर्थिक संरचना का अभिप्राय उस तथ्य से है जो किसी देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह अर्थव्यवस्था की नींव है। ऊर्जा , परिवहन , उद्योग , दूरसंचार , बैंकिंग , पानी , शिक्षा की सुविधा के बिना आधुनिक समय में आर्थिक विकास नहीं हो सकता है। उत्पादन बढ़ाने में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। जीवन स्तर उठाने में प्रत्यक्ष रूप से सहायक है।

## 5. अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर :- एक अर्थव्यवस्था वह संगठन या व्यवस्था है जिसमें किसी देश या समाज के सदस्य सभी प्रकार की आर्थिक क्रियाओं का संचालन करते हैं। अर्थव्यवस्था से मतलब उन सभी खेतों , कारखानों , दुकानों , खानों बैंकों स्कूल , कॉलेज , विश्वविद्यालय , अस्पताल आदि से होता है जो लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं।

## 6. प्रतिव्यक्ति आय क्या है ?

उत्तर :- जब किसी देश की कुल आय में कुल जनसंख्या से भाग देने पर जो परिणाम आता है उसे प्रतिव्यक्ति आय कहते हैं। इसे औसत आय भी कहा जाता है।

प्रतिव्यक्ति आय = राष्ट्रीय आय / देश की कुल जनसंख्या

## 7. मुद्रा की परिभाषा दे ?

उत्तर :- मुद्रा विनिमय का वह माध्यम है जो वस्तुओं के मूल्य चुकाने तथा अन्य व्यावहारिक कामों को निपटाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसे सरकार द्वारा जारी किया जाता है और यह सर्वमान्य होती है।

## 8. स्वयं सहायता समूह से आप क्या समझते हैं?

उत्तर :- ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में छोटी बचत करने वाले 15-20 व्यक्तियों का वह समूह जो अपने सदस्यों को उनके निजी एवं व्यावसायिक जरूरतों के लिए ब्याज पर ऋण देता है, स्वयं सहायता समूह (SHG) कहलाता है। यह समूह बैंक से ऋण लेकर अपने सदस्यों को मदद करता है। इनकी ब्याज दर महाजन / साहुकार द्वारा लिए जानेवाले ब्याज से कम होती है।

## 9. बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते हैं ?

उत्तर :- ऐसी कम्पनी जिसकी उत्पादक तथा व्यापारिक गतिविधियाँ एक से अधिक देशों में फैली हों ,

जैसे — कोका - कोला , पेप्सी , टाटा मोटर्स , फोर्ड मोटर्स आदि बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ हैं ।

## 10. उपभोक्ता शोषण से आप क्या समझते हैं?

उत्तर :- उपभोक्ता शोषण का अभिप्राय उत्पादक अथवा विक्रेताओं द्वारा उपभोक्ताओं के साथ बेचीं गई वस्तुओं की गुणवत्ता , मात्रा , शुद्धता एवं मूल्य आदि से संबंधित अनुचित व्यापारिक व्यावहारों से है।

# आपदा प्रबंधन vvi Subjective

1. भूकंप और सुनामी के बीच अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर: भूकंप पृथ्वी की आंतरिक गतिविधियों के कारण धरातल पर अचानक कंपन उत्पन्न होना है। जब यही कंपन सागर या महासागर के तल पर होता है, तब इसे सुनामी कहा जाता है। दोनों ही प्राकृतिक आपदाएँ हैं। भूकंप ज़मीन पर विनाश लाता है, जबकि सुनामी समुद्र तट के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाती है।

## 2. भूस्खलन क्या है?

उत्तर: भूस्खलन (Landslide) पहाड़ों पर से पत्थर का खिसक कर गिरना और पथरीली मिट्टी का बहाव है। यह मुख्य रूप से भारी वर्षा, बाढ़, भूकंप, या गुरुत्वाकर्षण की प्रक्रिया से होता है। हाल के समय में, मानवीय गतिविधियों के कारण भी भूस्खलन की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं।

## 3. बिहार में बाढ़ की स्थिति का वर्णन करें।

उत्तर: बिहार में हर साल बाढ़ आती है, जिसमें उत्तरी बिहार सबसे अधिक प्रभावित होता है। इसका मुख्य कारण नेपाल से आने वाली नदियाँ हैं। नदी तल में गाद जमने से पानी तटबंध तोड़कर फसलों और घरों को नष्ट करता है, जिससे जान-माल की भारी क्षति होती है।

## 4. बाढ़ नियंत्रण के लिए उपाय बताएँ।

उत्तर: बाढ़ नियंत्रण के लिए नदी तटबंधों की मरम्मत और उन पर वृक्षारोपण करना चाहिए। सरकार द्वारा नदियों को आपस में जोड़ना और गाद निकालना अनिवार्य है। साथ ही, सुदूर संवेदन प्रणाली का उपयोग करके बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अध्ययन करना और बाँधों की नियमित जाँच करना भी ज़रूरी है।

**5. सुनामी से उत्पन्न तबाही से बचाव के कोई तीन उपाय बताइये।**

उत्तर: सुनामी से बचाव के तीन मुख्य उपाय हैं:

(i) लोगों को समुद्र तट से दूर बसना चाहिए।

(ii) समुद्र किनारे के तटबंध को मज़बूत बनाना चाहिए।

(iii) तट पर अधिक संख्या में मैंग्रोव के पेड़ लगाना चाहिए, जो तबाही के असर को कम करने में मदद करते हैं।

## 6. आपदा से आप क्या समझते हैं?

उत्तर: आपदा ऐसी भयानक घटना है जो बिना बुलाये अचानक आ जाती है। यह थोड़े समय में ही जन और धन की बहुत अधिक क्षति पहुँचा देती है और हमें संकट की स्थिति में ला देती है। संकट उत्पन्न करने वाली ऐसी कोई भी घटना 'आपदा' कहलाती है।

## 7. भूकंप केंद्र और अधिकेंद्र में अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर: अधिकेंद्र - भूपटल पर वह केंद्र है जहाँ भूकंप की तरंगों का सर्वप्रथम अनुभव होता है। जबकि, भूकंप केंद्र (या मूल केंद्र) भूपटल के नीचे वह स्थल है जहाँ भूकंपीय कंपन प्रारंभ होता है। ये दोनों स्थल भूकंप के अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

## ४. सूखाड़ से बचाव के तरीकों का उल्लेख करें।

उत्तर: सूखाड़ से बचाव के लिए वर्षा जल संग्रहण का पर्याप्त उपाय करना चाहिए। नहरों, तालाबों और आहार की व्यवस्था करना ज़रूरी है। पेयजल के सुरक्षित भण्डारण और पशुओं के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था करना भी सूखे की स्थिति में सहायक होता है।

## 9. आकस्मिक आपदा प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका का वर्णन करें।

उत्तर: आकस्मिक आपदा प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका अहम होती है। इनके द्वारा तुरंत राहत शिविर का निर्माण, उपचार सामग्री की व्यवस्था, डॉक्टर, एम्बुलेंस, और अग्निशामक (fire tenders) इत्यादि की व्यवस्था की जाती है। यह सभी प्रबंधन पहले किए जाते हैं।

**10. सूखाड़ के लिए उत्तरदायी कारकों की विवेचना करें।**

उत्तर: सूखाड़ के लिए मुख्य कारक हैं: वर्षा की मात्रा में कमी या मानसून की विफलता। वायु में शुष्कता (dryness) और पृथ्वी के जलस्तर का नीचे आना। वन कटाई (deforestation) भी ज़िम्मेदार है। नदियों के ऊपरी जल ग्रहण क्षेत्रों में बाँधों के निर्माण से पानी की मात्रा कम हो जाना भी एक कारण है।